सहयोगः व्यवस्था या प्रेम ?

जब मैं ऑस्ट्रेलिया में काम करता था तो मुझे बहुत से ऐसे लोगों से मिलकर बात करने का अवसर मिलता था जिनकी शिक्षा थी कि कलीसियाओं को केवल विशेष ढंग से ही सहयोग करना चाहिए। उस समस्या से सम्बन्धित मैंने उस समय तीन पुस्तकें लिखीं (जो अब उपलब्ध नहीं हैं)। मैंने इस मुद्दे पर कई बातें सीखीं। पहली, मैंने जाना कि जो यह मानते थे कि वचन के अनुसार सहयोग के केवल कुछ निश्चित ढंग हैं, वे अपने आप में उन बातों से सहमत नहीं हैं जिन्हें वे ''कलीसियाई सहयोग के लिए नये नियम का एकमात्र ढंग'' कहते हैं। जब भी मैंने उस पूर्वधारणा से इस विषय पर बातचीत की, तो पहले मुझे यह सीखना पड़ता था कि वह व्यक्ति क्या विश्वास करता था और क्यों करता था।

और भी महत्वपूर्ण, मुझे पता चला कि ''कलीसियाई सहयोग के लिए नये नियम का ढंग'' कोई *नहीं* है जिसका वे दावा करते थे। कलीसिया और स्थानीय कलीसिया की स्वायत्तता पर नये नियम की शिक्षा किसी भी मानवीय संगठन या कलीसियाओं के संगठन को वचन में से सहयोग के लिए निकाल देती है, परन्तु उसके अलावा हमारे पास ''कलीसिया से कलीसिया के सहयोग के लिए एकमात्र नमूना'' नहीं है।

कई ''यरूशलेम के पवित्र लोगों के कंगालों के लिए'' (रोमियों 15:26) चंदा इकट्ठा करने में ''एकमात्र ढंग'' ढूंढते हैं, परन्तु इस प्रकार के ''कलीसियाई सहयोग के लिए नये नियम का एकमात्र ढंग'' कोई अस्तित्व नहीं है। प्रेरितों 11:27-30 यह नहीं कहता कि अन्ताकिया की *कलीसिया* ने यरूशलेम की *कलीसिया* के लिए सहायता भेजी। बल्कि, यह कहता है कि अन्ताकिया में ''चेलों ने'' सहायता भेजी। *सम्भवतः* यह मण्डली का कार्य था (जैसे मैंने ''... पहले अन्ताकिया में'' में संकेत दिया था), परन्तु आवश्यक नहीं। फिर, क्यों, ज़ोर देते हैं कि पद में *कलीसिया-से-कलीसिया* के लिए ''एकमात्र नमूना'' है, और दूसरे यदि उस काल्पनिक ''एकमात्र नमूने'' के अनुसार नहीं करते तो वे उन पर दोष क्यों लगाते हैं ?

प्रेरितों 11:27-30 का संदर्भ देखने पर (जिसमें 11:22 शामिल है) हमें पता चलता है कि ''सहयोग के नमूने'' में केवल एक *सामान्य* पद है: (1) किसी मण्डली को अपने ही सदस्यों की चिन्ता नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसे अन्य मण्डलियों में भी रुचि लेनी चाहिए। (2) किसी मण्डली को अन्य मण्डलियों के लिए प्रेम और समर्थन देने के अवसर मिलने पर तैयार और उत्सुक रहना चाहिए।

उपवास और मसीही

उपवास के लिए बाइबल में से मुझे कोई आज्ञा नहीं मिली। मूसा की व्यवस्था (पुराने नियम की पहली पांच किताबों) में ''उपवास'' शब्द का कोई उल्लेख नहीं मिलता। मूसा की व्यवस्था में निकटतम विचार अपनी आत्मा को या दुख देने के हवाले से है (उदाहरण के लिए, लैव्यव्यवस्था 16:29, 31)। जीव को दुख देने का एक ढंग उपवास था (ध्यान दें भजन संहिता 35:13)। पुराने नियम के अन्तिम भाग में उपवास का सम्बन्ध पाप के कारण शोक के साथ रहा है। जकर्याह के दिनों में यहूदियों के इतिहास में दुखद घटनाओं को स्मरण करने के लिए चौथे, पांचवें, सातवें, और दसवें महीनों में उपवास के निश्चित समय ठहराए गए थे। जिस समय यीशु आया, वार्षिक उपवासों के अलावा, फरीसियों ने सप्ताह के दो दिन अर्थात पांचवां दिन (क्योंकि उनका मानना था कि उस दिन पत्थर की पट्टियां लेकर मूसा पहाड़ पर गया) और दूसरा दिन (क्योंकि उनका मानना था कि वह उस दिन नीचे आया) उपवास के लिए ठहरा दिए थे (लूका 18:12)।

यद्यपि, कोई आज्ञा नहीं थी, किन्तु यीशु ने मत्ती 6:16-18 में उपवास को शोक जताने के एक स्वीकृत ढंग के रूप में स्वीकार किया। तथापि, उसने ज़ोर दिया, कि उपवास असार्वजनिक, अर्थात व्यक्ति और परमेश्वर के बीच में हो। यीशु ने एक और जगह मरकुस 2:18-20 (तु. मत्ती 9:14, 15; लूका 5:33-35) में उपवास के सम्बन्ध में बात की। ध्यान दें कि यीशु के चेलों ने उपवास नहीं रखा। (यदि उद्धार के लिए उपवास आवश्यक होता, तो निश्चित ही उन्होंने रखा होता।) दूसरी ओर, यीशु ने यह माना कि उसके पृथ्वी को छोड़ जाने के बाद, वे उपवास रखेंगे। कब और कैसे, यह नहीं बताया गया।

अब हम मसीही युग में आ जाते हैं। हमें किसी मसीही द्वारा उसकी असार्वजनिक उपासना के भाग के रूप में उपवास का हवाला नहीं मिलता (हम उन अनैच्छिक उपवासों को नहीं मानते जब पतरस को भोजन नहीं मिला था [2 कुरिन्थियों 6:5; 11:27])। मसीहियों द्वारा स्वेच्छा से उपवास के केवल दो ही हवाले मिलते हैं: प्रेरितों 13:2, 3 और 14:23। दोनों हवालों में मण्डलियों द्वारा ठहराई किसी बात का कोई लेना-देना नहीं है। यदि मसीही लोग गुप्त रूप से उपवास रखते थे (और मैं मान लेता हूं कि वे ऐसा मरकुस 2 के आधार पर करते थे), तो परमेश्वर ने इसके बारे में हमें बताना ठीक नहीं समझा।

मैं इन निष्कर्षों पर पहुंचा हूं: (1) निजी मसीही के लिए उपवास उसकी पसन्द और इच्छा के अनुसार है। नये नियम में उपवास के लिए कोई ''नियम'' नहीं ठहराए गए (कि कब और कैसे उपवास रखा जाए)। कइयों को उपवास आत्मिक लाभ के लिए योजनाबद्ध ढंग से और लगातार रखना लाभदायक लगता है; कइयों को नहीं। (2) उपवास का सम्बन्ध साधारण उपासना से होता है। प्रार्थना करने वाले परमेश्वर के साथ बात करने में इतने लीन हो गये और खो गए कि उन्हें भूख और समय का ध्यान ही न रहा। हम सभी का प्रार्थना का जीवन ऐसा ही होना चाहिए। (3) उपवास रखना अपने आप में आपकी इच्छा और पसन्द के अनुसार हो सकता है, सामान्य सिद्धांत कि प्रभु और उसका कार्य किसी भी और काम से (जिसमें भोजन भी शामिल है) अधिक महत्वपूर्ण है (मत्ती 6:33)। मैं बहुत से

ऐसे मसीहियों को जानता हूं जिन्होंने प्रसन्नतापूर्वक भोजन के बिना (उपवास) रहना तब तक अच्छा समझा जब तक सच्चे मन से सत्य के खोजी को शिक्षा देने की आवश्यकता थी या किसी टूटे हुए दिल को ढाढ़स बन्धाने की आवश्यकता।

हेरोदेस का घराना



हेरोदेस परिवार के केवल उन्हीं सदस्यों की सूची दी गई है जिनका हमारे बाइबल अध्ययन से प्रत्यक्ष सम्बन्ध है। अरखिलाउस और हेरोदेस अन्तिपास को छोड़कर, जिनकी एक ही माता थी, हेरोदेस महान का हर बच्चा अलग-अलग पत्नियों से था। ऊपर जिन बारह लोगों की सूची दी गई है, उन में से केवल अरिस्तोबुलुस का ही उल्लेख नये नियम में नहीं है। सलोमी का नाम नहीं दिया गया है, परन्तु मत्ती 14 और मरकुस 6 में उसका उल्लेख ''हेरोदियास की पुत्री'' के रूप में किया गया है।

———— हेरोदेस के घराने में वंशागत सम्बन्धों को दर्शाता है

— — — हेरोदेस अन्तिपास के अपनी भतीजी, हेरोदियास से विवाह को दर्शाता है

———— हेरोदेस फिलिप्पुस प्रथम के अपनी भतीजी, हेरोदियास से विवाह को दर्शाता है